आवेदन हेतु निर्धारित अर्हताएं/योग्यता एवं निर्देश –

वर्ष 2024–2025 में गुरु गोबिन्द सिंह स्पोर्ट्स कालेज, लखनऊ में कक्षा–6 में (केवल बालक वर्ग) खेल एथलेटिक्स, फुटबाल, हाकी, वालीबाल, क्रिकेट एवं बैडमिण्टन में प्रवेश प्रदान किया जायेगा, बीर बहादुर सिंह स्पोर्ट्स कालेज, गोरखपुर में कक्षा–6 में (बालक/बालिका वर्ग) खेल कुश्ती, जिम्नास्टिक एवं वालीबाल तथा खेल हाकी, जूडो एवं बैडमिण्टन (केवल बालिका वर्ग) में प्रवेश प्रदान किया जायेगा एवं मेजर ध्यानचन्द स्पोर्ट्स कालेज सैफई जनपद इटावा में कक्षा–6 में खेल एथलेटिक्स, क्रिकेट, फुटबाल, हाकी, कुश्ती, कबड्डी, बैडमिण्टन एवं तैराकी (केवल बालक वर्ग) में प्रवेश प्रदान किया जायेगा।

आवेदन हेतु निर्धारित अर्हताएं एवं निर्देश –

1. अभ्यर्थी उ0प्र0 का अधिवासी हो।

2. कक्षा–6 में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की आयु दिनांक–01.04.2024 को 9 से 12 वर्ष के मध्य होनी चाहिए अर्थात दिनांक–01 अप्रैल 2012 से पहले और 31 मार्च 2015 के बाद का जन्म न हो ।

3.अभ्यर्थी सत्र 2023–24 में कक्षा–5 में अध्ययनरत/उत्तीर्ण हो। यदि कोई अभ्यर्थी सत्र 2022–23 में कक्षा–5 उत्तीर्ण कर चुका है और सत्र 2023–24 में कहीं शिक्षा प्राप्त नही कर रहा है तो उसके अभिभावक द्वारा घोषणा पत्र प्रस्तुत कर आवेदन कर सकता है।

4.आवेदन करने हेतु विवरण पुस्तिका के अन्त में संलग्न आवेदन फार्म पूर्ण रुप से भरेगा तथा स्वप्रमाणित एवं अभिभावक द्वारा प्रस्ताक्षरित करेगा। अपूर्ण आवेदन फार्म स्वीकार नही किये जायेंगे और चयन परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा।

5.आवेदन फार्म (उपरोक्त निर्देशों के अनुसार भरा हुआ) के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करना होगा

(क) कक्षा–05 का अंक पत्र की छायाप्रति।

(ख) निम्नलिखित प्रमाणपत्र की छाया प्रति –:

1. अभ्यर्थी का आधार कार्ड।
2. रजिस्ट्रार/नगर निगम एवं मृत्यु प्रमाण पत्र द्वारा निर्गत जन्मतिथि प्रमाणपत्र।
3. विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा निर्गत जन्मतिथि प्रमाण पत्र।
4. अभ्यार्थी के मात–पिता/अभिभावक का आधार कार्ड।

6. चयन परीक्षा में अभ्यर्थियों के आधार पंजीयन का सत्यापन भारत सरकार द्वारा विकसित यूडाइस प्लस पोर्टल पर कराया जायेगा, भिन्नता पाये जाने पर अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।
7. अभ्यर्थी को चयन परीक्षा में सम्बन्धित खेल की किट में आना अनिवार्य है।
8. अभ्यर्थी को चयन परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु शारीरिक परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक तथा खेल तकनीक व खेल परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।
9. खेल एथलेटिक्स में प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यर्थी इनमें से किसी एक स्पर्धा में आवेदन कर सकता है :– (1.रनिंग–(100मी, 200मी, 400मी, 600मी, 1000मी) 2. जम्पर 3. थ्रोवर (जैवलिन, शॉटपुट)
10. खेल वॉलीबाल में आवेदन के लिये बालक वर्ग हेतु कम से कम लम्बाई 165 से0मी0 तथा बालिका वर्ग हेतु 155 से0मी0 होना अनिवार्य है।
11. खेल कुश्ती हेतु अभ्यर्थी कुश्ती संघ एवं स्कूल फेडेरेशन द्वारा निर्धारित भार श्रेणी बालक वर्ग हेतु 38,41,44,48,52,57,62,68 एवं 75 किलो ग्राम तथा बालिका वर्ग हेतु 33,36,39,42,46,50,54,58 व 62 किलो ग्राम में ही आवेदन कर सकता है।
12. प्रारम्भिक व मुख्य चयन परीक्षा निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर निर्धारित समयानुसार प्रारम्भ की जायेगी। चयनित अभ्यर्थियों को काउन्सलिंग व प्रवेश हेतु पृथक रूप से वेबसाइट के माध्यम से आमंत्रित/सूचित किया जायेगा।